केस डायरी पेश नहीं होने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

जबलपुर। हत्या से जुड़े एक प्रकरण में जमानत आवेदन पर सुनवाई के दौरान संपूर्ण केस डायरी पेश नहीं होने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई। स्पष्टीकरण पेश करने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह को हाजिर होना पड़ा। उन्होंने कोर्ट में यह स्वीकार किया कि संपूर्ण केस डायरी भेजने में उनके अधीनस्थ पुलिस अधिकारी से गलती हुई है। उन्होंने कोर्ट को आश्वासन दिया कि इसके लिए दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अगली पेशी के दौरान संपूर्ण केस डायरी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में होगी।

हत्या के प्रकरण में आरोपी बनाए गए जबलपुर निवासी विनोद भारती की ओर से जमानत आवेदन पेश किया गया। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केस डायरी पेश करने कहा था। दरअसल, मार्च 2024 में अभिषेक भारती की हत्या हुई थी। पहले तो इसे हादसा माना जा रहा था, लेकिन बाद में यह खुलासा हुआ कि अनुकंपा नियुक्ति और मकान के लालच में मृतक के भाई विनोद ने यह हत्या की है। दलील दी गई कि पुलिस ने चालान तो पेश कर दिया है, लेकिन 161 के बयान ही नहीं लगाए हैं। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसपी को तलब कर लिया।

होमगार्ड सैनिकों की याचिकाएं निरस्त

प्रदेश के होमगार्ड सैनिकों की सेवानिवृत्ति आयु के लिए बने नियमों के मामले में हाईकोर्ट में एक दर्जन अपील पेश की गई हैं। अपील के जरिए एकलपीठ के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें होमगार्ड सैनिकों की याचिकाएं निरस्त कर दी गईं थीं। मध्यप्रदेश के भोपाल, नर्मदापुरम, बालाघाट और रीवा जिलों के होमगार्ड सैनिकों ने सेवानिवृत्ति आयु नियम को चुनौती दी थी। नवंबर माह में जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने याचिकाएं निरस्त कर दी थीं। बालाघाट के कंचन लाल बिसेन, गेंदालाल पाचे, रमेश सोनी, नर्मदापुरम के गया प्रसाद पटेल, चंदन सिंह, भोपाल के रामस्वरूप शर्मा, रीवा के गुलाब चंद्र गौतम व अन्य की ओर से अपील पेश कर राहत चाही गई है कि उन्हें भी अन्य विभागों की तरह 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त किया जाए। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने बताया कि वर्तमान नियम के अनुसार होमगार्ड सैनिकों को 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ती दी जा रही है। अपीलार्थियों ने इस संबंध में संबंधित जिला कमांडेंट होमगार्ड को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। दरअसल, वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य अनुतोष की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए।

जनसुनवाई

कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा अपर कलेक्टर ने सुनी नागरिकों से समस्या

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित की गई साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों से उनकी कठिनाइयों और समस्याओं से संबंधित 159 आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में प्राप्त ज्यादातर आवेदन गरीबी रेखा की सूची में नाम जुड़वाने, राशन कार्ड बनवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने, जमीन का पट्टा दिलाने, आवास एवं पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने, निजी भूमि से कब्जा हटवाने, नामांतरण और सीमांकन, अवैध रूप से बढ़ाई गई स्कूल फीस वापस कराने तथा चिकित्सा सहायता से सबंधित थे। जनसुनवाई में आये आवेदकों से उनकी समस्याएं अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड ने सुनी। उन्होंने सबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने भी जनसुनवाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनसुनवाई में प्राप्त हुये 159 नये आवेदनों के अलावा 27 आवेदन ऐसे भी थे जो पूर्व में भी प्राप्त हुये थे।

नकली टाप्स देकर असली अंगूठी ले गया ठग

जबलपुर। लार्डगंज थाना अतंर्गत आर्शीवाद मार्केट स्थित एक आभूषण दुकान में एक ठग नकली टाप्स थमाकर असली सोने की अंगूठी ले गया। ठग ने दुकान से जो बिल बनवाया उसमें खुद का नाम संदीप शर्मा लिखवाया। घटना पिछले बुधवार की है जब खुलासा हुआ तब दुकान के कर्मचारी को नकली टाप्स सोने का नहीं होने का संदेह हुआ। जेवर को गलाकर जांच की गई तो वह सोने का नहीं है। आशीर्वाद मार्केट स्थित सुहागर आभूषण भंडार के संचालक यश राज अग्रवाल ने बताया कि पिछले बुधवार को एक व्यक्ति आया और नकली सोने के टाप्स के बदले असली सोने की अंगूठी ले गया। जेवर को गलाकर जांच करने के बाद इस ठगी का खुलासा हुआ। सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने पर पता चला कि आरोपी सुहागन आभूषण एम्पोरियम की राईट टाउन दुकान स्थित मेन ब्रांच गया था जहां पर उसने अपना नाम राजेश पाठक बताया था। उस वक्त दुकान के कर्मचारी ने नकली सोने का संदेह जताकर जांच करने की बात कही तो वह जेवर गलाने को तैयार नहीं हुआ और वहां से चलता बना। इसके बाद वह आर्शीवाद मार्केट दुकान पहुंचा और नकली टाप्स थमाकर असली अंगूठी ले गया। यहां पर दुकान का कर्मचारी ठग की बातों में उलझ गया और नकली टाप्स के बदले उसने असली सोने की अंगूठी दे दी।

अधिवक्ता असीम त्रिवेदी बनाए गए संयोजक

जबलपुर। शतक्रतु आश्रम, गोपालबाग में आयोजित विभिन्न नागरिक समूहों की अहं बैठक में साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक संस्था कोविद-21 का गठन किया गया है। यह संस्था न केवल नागरिक मंत्रणा के मंच के रूप में कार्य करेगी अपितु सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक रचनाधर्मिता के संवाहक के रूप में कार्य करेगी। कोविद-21 में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के 21 मूर्धन्य विद्वान संस्था के विचार-पुंज के रूप में कार्य करेंगे। अधिवक्ता असीम त्रिवेदी इस संस्था के संयोजक बनाए गए हैं। संस्था का उद्देश्य देश-समाज, प्रांत व नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के उन्मूलन हेतु सार्थक हस्तक्षेप करना भी है।

3 नकबजनों से 30 लाख रुपए के आभूषण जब्त

दिन में रैकी और रात में सूने घरों में करते थे चोरी

जबलपुर।

माढ़ोताल पुलिस ने तीन शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर चोरी की 10 वारदातों का खुलासा करते हुए लगभग 30 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण जब्त किए। ये आरोपी दिन में घूमकर सूने घरों की रैकी करते थे और रात में ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने यहां कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि माढ़ोताल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन नकबजनों ग्राम रैंगवा माढ़ोताल निवासी 30 वर्षीय राहुल पटैल उर्फ डालडा, गुलौआ चौक मदनमहल नावासी 36 वर्षीय विनोद केवट और केवट मोहल्ला गुलौआ चौक निवासी 30 वर्षीय आकाश केवट को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ करने पर नकबजनी की दस वारदातों का खुलासा हुआ। पूछताछ में उन्होने बताया कि घरों के आसपास जमीन में सोना गड़ाकर रखा हैं और कुछ सोना प्रायवेट कंपनी में गिरवी रखकर लोन ले लिया। आरोपियों ने

पूछताछ में स्वीकार किया कि वे अक्सर सूने घरों को निशाना बनाते थे। आरोपियों ने थाना माढोताल अंतर्गत शंकर नगर, नई पानी की टंकी के पास करमेता, कान्हा परिसर कठौंदा, रेवा नगर आकांक्षा स्कूल के पीछे, बाबा बर्फानी कालोनी, कसौंधन नगर, बजरंग नगर, सत्यम होम्स कठौंदा, शारदा नगर गली नं. 07, गली नं. 06 लमती तथा विजय नगर में एक सूने मकान का ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किया। इन मामलों में माढ़ोताल और विजयनगर में मामलें दर्ज थे। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चुराये हुये सोने के 6 हार, 1 जोडी टाप्स, 19 अंगूठी, 5 चेन, 8 मंगलसूत्र, 4 लौंग, 3 नथ, 4 चूडी , 3 जोड झुमकी, 4 कंगन, 2 गिन्नी, 1 रिंग, 2 मेंहदी, 1 मनचली, 3 गारियों की माला, 6 गुरिया, 4 लाकेट, कुल वजनी लगभग 360 ग्रामतथा चांदी की 33 जोड पायल, 30 जोड बिछिया, 2 डिबिया, 2 गुच्छा, 1 कट्डोरा, 1 करधन, 1 चेन, 2 अंगूठी, संतान साते की 10 चूडियॉ, कंगन, ट्रे, थाली, 2 चम्मच, लोटा, 3 गिलास 10 सिक्के तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं लोहे की राड बरामद की गई हैं। बरामद किए गए माल की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है।

आरोपियों को पकड़ने व घटना का खुलासा करने में माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार, उप निरीक्षक नीलेश पोर्ते, उप निरीक्षक संजय सिंह, उप निरीक्षक विजय पुष्पकार, उप निरीक्षक गणपत मर्सकोले, सहायक उप निरीक्षक अशोक राय, सहायक उप निरीक्षक बेनीराम उईके, सहायक उप निरीक्षक वेदप्रकाश सचान, प्रधान आरक्षक महेन्द्र, आरक्षक सचिन मेहरा, शशिप्रकाश, सुरजीत जाट, निकेश कुमार एवं सायबर सेल के प्रधान आरक्षक. अमित पटेल' की सराहनीय भूमिका रही।

जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु शीघ्र किया जाये खरीदी केंद्रों का निर्धारण

जबलपुर। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रवि विपणन वर्ष 2024-25 के लिये जारी उपार्जन नीति के मुताबिक जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की खरीदी शीघ्र शुरू की जायेगी । उपार्जन नीति में राज्य शासन ने किसानों से ग्रीष्म कालीन मूंग और उड़द का उपार्जन की अवधि 24 जून से 31 जुलाई तक तय की है । यह जानकारी आज कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला उपार्जन समिति की बैठक में दी गई । कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी नीति के अनुसार किसानों से ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के निर्देश दिये । उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को यथाशीघ्र उपार्जन केंद्रों का निर्धारण करने के निर्देश भी दिये । कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों की किसी तरह की असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये । उन्होंने पंजीकृत किसानों स्लॉट बुक कराने के बाद ही मूंग और उड़द की खरीदी करने की हिदायत भी बैठक में दी। जिला उपार्जन समिति की बैठक में बताया गया कि जिले के पंजीकृत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते प्रत्येक तहसील में कम से कम एक उपार्जन केन्द्र बनाया जायेगा । बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु जिले में कुल 13 हजार 515 किसानों ने पंजीयन कराया है ।

आंतरिक मूल्यांकन, अध्यापन अभ्यास एवं प्रायोगिक परीक्षाएं कराने की अंतिम तिथि में वृद्धि.

जबलपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष 2024 के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त डी.एड. प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षाओं के आंतरिक मूल्यांकन, अध्यापन अभ्यास एवं प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार शासकीय, अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त डी.एड. प्रशिक्षण संस्थाएं अब 24 जून से 8 अगस्त तक की समयावधि के बीच सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षाओं के आंतरिक मूल्यांकन, अध्यापन अभ्यास एवं प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न करा सकेंगी। साथ ही 10 अगस्त तक ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि कर सकेंगी। उल्लेखनीय है, इसके पूर्व सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक परीक्षाओं के आंतरिक मूल्यांकन, अध्यापन अभ्यास एवं प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने की अंतिम तिथि 24 जून से 13 जुलाई और ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि की अंतिम तिथि 16 जुलाई निर्धारित की गई थी।

भीषण गर्मी से जीव जंतु परेशान

जबलपुर। भीषण गर्मी और उमस के वातावरण में मनुष्य ही नहीं जीव जंतु भी परेशान है। एक तरफ जहां जंगली जानवर पानी के लिए शहर की तरफ भटक रहे हैं, वहीं खतरनाक जीव जंतु अपना ठौर ठिकान छोड़कर ठंडे स्थान की तलाश में निकल पड़े है। जो मानव जीवन के लिए खतरनाक हो सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनिक सोसायटी के पास एक मकान के बगीचे में गुहेरा निकल आया वहीं विजय नगर में एक मकान के पास एक जहरीला सांप बिल छोड़कर बाहर आ गया। पिछले दिनों पानी की तलाश में भटके हिरन का अवारा कुत्ते शिकार कर चुके जबकि कई जहरीले जीव जंतु रहवासी क्षेत्रों में पकड़े जाकर जंगलों में छोडे जा चुके है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनिक सोसायटी के पास एक मकान के बगीचे में गुहेरा बैठा दिखने पर मकान मालिक घबरा गए गुहेरा भाग न जाये इसलिए एक व्यक्ति को नजर रखने के लिए बैठा दिया गया और दूसरे ने वन्य प्राणी विशेषज्ञों को सूचना दी गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर गुहेरा को काफी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। इसी तरह आज ही सहकार नगर में एक गोह दिखाई पड़ने से आसपास हडकंप मच गया।

उमस में बिल छोड़ कर भाग रहे सांप गुहेरा

मानसूनी बादल अभी नहीं हो पा रहे सक्रिय

टिमटिमा कर पानी ने और भड़काई उमस

जबलपुर।

मानसून आ गया है लेकिन अभी सक्रिय नहीं है। मंगलवार को सुबह से मौसम साफ रहा, बीच बीच में बादल आए और शाम को पानी टिमटिमाकर निकल गया, जिससे उमस बढ़ने लगी। दरअसल लोकल बादलों की वजह से हो रहा है मानसूनी बादल अभी पूरी तरह से नहीं छाए। लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। हल्की बूंदाबांदी और बादलों की चादर से उमस और भड़क उठी। आषाढ़ के महीने में तापमान औसत से अधिक चल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी मानसून की कोई हलचल नहीं है। बंगाल की खाड़ी से उठे बादल धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। दो-चार दिन बाद बारिश का माहौल बन सकता है। तब तक लोगों को उमस भरी गर्मी से दो-चार होना पड़ेगा।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने ईएमएस को बताया कि बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। वहां से बादलों की खेप आने में 72 घंटों का समय लग सकता है। तब तक स्थानीय बादल ही छुटपुट बरसात कर सकते हैं। झमाझम बारिश की उम्मीद फिलहाल नहीं है। पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.02 सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 27.05 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। सूर्येदय सुबह 5.27 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.48 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 42.2 डिग्री तापमान निवाड़ी जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.1 और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री दर्ज किया गया था। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चली। इस वर्ष अभी तक कुल वर्षा का आंकड़ा मात्र 35.2 मिमी पर अटक गया है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

पुरानी रंजिश पर गांव में मचाया कोहराम

ग्रामीणों को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश!

जबलपुर। पाटन थाना अतंर्गत कटरा बेलखेड़ा में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक टेक्टर चालक ने मोटर सायकिलों को रौंदते हुए दुकान क्षतिग्रस्त कर दी बल्कि मंदिर के बाहर बैठे लोगों को कुचलने की कोशिश की। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि टेक्टर चालक ने एक ग्रामीण पर कुल्हाड़ी से हमला किया। टेक्टर में सवार युवक ने करीब आधा घंटे तक गांव में उत्पात मचाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद आरोपी को हिरासत में लिया। बताया गया है कि दो परिवारों के बीच जमीन को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा बेलखेड़ा में नरेन्द्र लोधी व कमल के परिवार के बीच लम्बे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है. इसी रंजिश के वजह से नरेन्द्र लोधी हर वक्त कमल के परिवार से बदला लेने की फिराक में रहता था. सोमवार की सुबह के वक्त कमल सहित गांव के लोग मिलकर मंदिर के बाहर बैठकर रामायण पाठ कर रहे थे. इस बात की जानकारी लगते ही नरेन्द्र लोधी टैक्टर चलाते हुए वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बताया गया है कि नरेंद्र लोधी ने कमल पर उस वक्त हमला करने की कोशिश की जब कमल अन्य लोगों के साथ मंदिर में बैठकर रामायण का पाठ कर रहे थे। पहले नरेंद्र लोधी टेक्टर से बाईकों को रौंदते हुए बढ़ा और दुकान व मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया। नरेंद्र के इरादा भापकर रामायण पाठ कर रहे लोग इधर उधर भागे। एक ग्रामीण ने नरेंद्र को समझाने का प्रयास किया तो नरेंद्र टेक्टर से उतरकर उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ कर आरोपी नरेन्द्र लोधी को गिरफ्तार कर लिया है।

मार्शल आर्ट एकेडमी ने ओवरऑल चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा

जबलपुर। मानव क्रीड़ा एवं कला अकादमी ऑफ इंडिया एवं जबलपुर ताइक्वांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन रॉक फोर्ड फाउंडेशन स्कूल मदन महल जबलपुर में सम्पन्न कराई गई जिसमें मुख्य रूप से प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट एकेडमी, मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, बिलहरी मार्शल आर्ट एकेडमी, श्रीजानकी रमण महाविद्यालय मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ी 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिलन मुखर्जी अध्यक्ष प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी समिति, उत्कर्ष गुप्ता संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी, नीरज कुमार स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एस.मसीह संचालक मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला,ई.एस.जोसवा प्राचार्या मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला,जोसना मुखर्जी, कैप्टन आलोक त्रिवेदी अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल समिति जबलपुर, लवकेश उपाध्याय थाना प्रभारी मंचासीन रहे। मनचासीन अतिथियों का स्वागत एकेडमी के संस्थापक अंतराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव, आयोजक सचिव जयराज चौधरी, शिवानी बेन ने फूल मालाएं पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उक्त प्रतिस्पर्धा में बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट ने 23 स्वर्ण पदक,10 रजत पदक ,4 कांस्य पदक अर्जित कर ओवरऑल टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया वहीं मानवकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला ने उपविजेता रहा।

सड़क पर कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवॉल

जबलपुर। नगर निगम जनसुनवाई में मंगलवार को सैनिक सोयायटी स्थित बस्ती में रहने वाले कुछ वाशिंदे अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे, उन लोगों ने नगर निगम अधिकारियों को बताया कि बस्ती में रोशन साहू ने 16 फीट की सड़क पर कब्जा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया है। ऐसे में 16 फीट की वह सड़क महज तीन से चार फीट की बची है, जिससे क्षेत्रीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बताया जा रहा है कि पूर्व में भी नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के कार्रवाई कर उसका कब्जा हटवाया था लेकिन एक बार फिर से उसने कब्जा कर लिया है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आज के कार्यक्रम

जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार 26 जून को विधानसभा क्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत कई बैठकों में शामिल होंगे लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह सुबह 10.30 बजे जार्ज डिसिल्वा वार्ड में पीपल मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन, सुबह 11ढ़.30 बजे बनारसी दास भनोट वार्ड स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर, शाम 4.30 बजे शंकरशाह नगर वार्ड में यादव मोहल्ला स्थित यादव भवन, शाम 5.30 बजे दादा बाबूराव परांजपे वार्ड में आकाश गंगा होटल के पास बीकानेर स्वीट्स के पीछे तथा शाम 6.30 बजे ग्वारीघाट वार्ड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित बैठकों में शामिल होंगे।

350 पाव देशी शराब जब्त

जबलपुर। रांझी थाना अतंर्गत सिद्धनगर में शंकर मंदिर के बगल के खाली प्लाट में अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 पाव देशी शराब जब्त की है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव तालाब निवासी 24 वर्षीय तुषार रजक उर्फ टिल्लू गत दिवस सिद्धनगर में शंकर मंदिर के बगल के खाली प्लाट में शराब बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी तुषार रजक उर्फ टिल्लू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

जेएनकेविवि के विशेषज्ञ डॉ. यशपाल सिंह ने मृदा एवं जल के महत्व के बारे में दी जानकारी

एसएफआरआई में मृदा, जल संरक्षण पर प्रशिक्षण प्रारंभ

जबलपुर। राज्य वन अनुसंधान संस्थान (एसएफआरआई) जबलपुर में मृदा एवं जल संरक्षण की अवधारणा एवं इसकी वानिकी में उपयोगिता विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। 24 से 26 जून तक एसएफआरआई में चल रहे कार्यक्रम का प्रधान मुख्य वन संरक्षक कैम्प से प्राप्त वित्तीय सहायता के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पश्चिम छिंदवाड़ा, विदिशा, दक्षिण सागर, कान्हा टाईगर रिजर्व (बफर/कोर), डिण्डौरी, पश्चिम मण्डला, दक्षिण सिवनी, दक्षिण बालाघाट एवं दमोह वनमण्डलों से वनपरिक्षेत्र अधिकारी, वनपाल एवं वनरक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर संस्थान के उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख रवीन्द्र मणि त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में विचार व्यक्त किये कि मृदा एवं जल संरक्षण जंगलों के स्वास्थ्य के लिये अत्यंत आवश्यक हैए एवं उन्होंने मृदा एवं जल संरक्षण के लिये उपयोगी संरचनायें जैसे कंटूर ट्रेंच ए बोल्डर चेक डैम, गेब्यिन स्ट्रक्चर, आदि पर प्रकाश डाला। सोमवार को प्रथम दिवस में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से आये, विशेषज्ञ रोहित पाण्डे ने मृदा संरक्षण एवं उसके प्रकारों के संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया वही जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. यशपाल सिंह ने मृदा एवं जल के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। के.एल. कावरे, वानिकी विशेषज्ञ के द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण की विधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के वन प्रबंधन प्रभाग की प्रभारी डॉ. प्रतीक्षा चतुर्वेदी, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, डॉ. सचिन दीक्षित, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, श्रीमती अभिश्वेता रावत, आरआरओ, एसएस रघुवंशी, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी आदि उपस्थिति थे।

आपातकाल को देश इतिहास का सबसे काला दिन बताया

आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा नगर मंडल ने किया मीसा बंदियो का सम्मान

सिहोरा। आपातकाल की 50 वीं बरसी पर प्रदेश संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने विधायक कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर नगर उपनगर के मीसा बंदियों एंव उनके परिजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल महामंत्री विनय जैन सहित अनेक वरिष्ठ जनों ने पार्टी के पितृ पुरुषों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय,पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एंव भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया तथा कार्यक्रम प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव मिश्रा सहित अन्य ने सभी मीसाबंदी का सम्मान किया।आयोजन को सम्बोधित करते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के मीसा बंदी रमेश सेन बमचक ने कहा की आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल थोपकर लोकतंत्र की हत्या की थी उन्होंने आपातकाल में सरकार द्वारा किए गये अत्याचार के संबंध में भी बताया।

इन मीसा बंदियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम संयोजक, प्रभारी आदि ने मीसाबंदी रमेश सेन बमचक,लल्ला राम गौतम,बिहारी सोनी के साथ अन्य मीसा बंदियों के परिजन संजय जैन,कमलेश जैन,दीपकदत दुबे,मधुर दुआ,शंशाक पांडे,श्रीमती तारा पांडे,प्रशांत विश्वास आदि का शाल श्रीफल एवं प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राजा मोर,राजेश दाहिया,वरिष्ठ नेता सत्यप्रकाश खरे,अरुण जैन,शिशिर पांडे, अनुपम सराफ,अभिषेक परौहा,अभिषेक तिवारी, दिनेश गौतम,मनोज जैन,सुबोध दुबे,सुग्रीव श्रीवास, आयूष सेठी,सतीश पटेल,सारिका साहू, ऋषभ द्विवेदी,बंटी यादव,पदमाकर तिवारी,रोहित यादव,श्यामू चौरसिया,सियोल जैन,वर्षा ठाकुर,सरोज तिवारी,सुशीला शुक्ला,कृष्णा सरावगी,अभिषेक जैन,रितेश मिश्रा,गौरव शुक्ला,विवेक ठाकुर,सोनू बनारसी,जितेन्द्र पटेल,सुनील चक्रवर्ती, अशोक चौधरी, अनिल जैन, सचिन पांडे आदि उपस्थित थे।

देश का सद्भाव बिगाड़ने वालों पर हो कार्रवाई

सिहोरा। देश का सद्भाव बिगाड़ने के इरादे से प्रदेश के चार अलग अलग शहर जबलपुर सिवनी कटंगी अशोक नगर के अलग अलग स्थानों में गायों की सामूहिक हत्या के सनसनीखेज मामले को लेकर जनमानस में बहुत आक्रोश है। मंगलवार को इन मामलो को लेकर विद्यासागर सेवा आश्रम समिति सम्मेदगिरी गोसलपुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार शशांक दुबे के देकर आक्रोश जताया। समिति के द्वारा दिये गये ज्ञापन मैं ये लिखा गया कि गौवंस को हमारी संस्कृति मैं माता का स्वरूप माना गया है और ये कुछ असामाजिक लोग गौवंस की निर्मम हत्या कर समाज और देश का सद्भाव बिगाड़ने मैं लगे हुए। इस मामले मैं लिप्त सभी असामाजिक लोगो पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने मैं समिति के अध्यक्ष मंकु जैन,अनिल जैन,अरुण जैन,प्रवीण जैन,सुनील जैन,यतेन्द्र जैन,अमित जैन, नीरज जैन,चंद्रभान मिश्रा आदि मौजूद रहे।

असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

जबलपुर। शहर पुलिस ने अवैध शराब, हथियार और जुआ सट्टा खिलाने वालें जुआड़ियों और सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी, कच्ची, बका, चाकू और नगदी रुपए जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 19 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 122 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 21 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार 29 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 26 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 441 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब, जब्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 1 बका, 3 चाकू जब्त किये गये।

श्री कुंजबिहारी कुररिया- सिहोरा, ब्राह्मण पुरा वार्ड क्रमांक 8 निवासी श्री कुंजबिहारी कुररिया का

86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्तिधाम में किया गया। वे सुधीर कुररिया, प्रदीप कुररिया के पिता थे।

श्री शिवचरण दीक्षित- गली नं. 10, सदर निवासी श्री शिवचरण दीक्षित (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पार्वती बाई विश्वकर्मा- आईटीआई आकाशवाणी के सामने विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी श्री शंकर लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

श्री राम किशन सेन- लाल कुआं पुरानी पीपी कॉलोनी निवासी श्री राम किशन सेन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कृष्ण चरण अग्रवाल- पश्चिमी घमापुर शीतलामाई निवासी श्री कृष्ण चरण अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती ज्योति जायसवाल- आइडियल हिल्स ग्वारीघाट रोड निवासी श्री राजेश जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति जायसवाल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मूलचंद गुप्ता- पश्चिमी करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मूलचंद गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजबहादुर सिंह धुर्वे- एलआईजी 56 गोविंद भवन कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री नन्हेंलाल धुर्वे के पुत्र श्री राजबहादुर सिंह धुर्वे (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सूरज चौधरी- रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सूरज चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम कुमार यादव- भूरी बाई का बगीचा गोरा बाजार निवासी श्री राम कुमार यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बिशनू प्रसाद- हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बिशनू प्रसाद का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रमेश चंद्र माहोर- जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रमेश चंद्र माहोर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक साहू- पश्चिमी करियापाथर प्रायमरी स्कूल के पास निवासी श्री अशोक साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री गया शंकर चौधरी- पोलीपाथर निवासी श्री गया शंकर चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अम्बिका प्रसाद शर्मा- जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री अम्बिका प्रसाद शर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री नारायण दास गुलवानी- दत्त एनक्लेव नेपियर टाउन निवासी श्री नारायण दास गुलवानी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती विमला नन्होरिया- राजुल सिटी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री रमेश नन्होरिया की धर्मपत्नी श्रीमती विमला नन्होरिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	ब्लैक&व्हाईट	300/-
फिक्स साइज:-	8x4 से.मी.	रंगीन	400/-
फिक्स साइज	10x8 से.मी.	रंगीन	1000/-

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

कांग्रेस पार्षद दल, कर्मचारी संघ एवं नपा अधिकारी ने संयुक्त बैठक में लिया निर्णय

नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

सिहोरा। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की विगत पांच दिनों से जारी हड़ताल कांग्रेस पार्षद दल कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णय के बाद सफाई कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा कर दी है।

प्रतिमाह समय से वेतन भुगतान एवं सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर बीते पांच दिन से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को संयुक्त वार्ता के उपरांत समाप्त हो गई। सफाई कर्मचारी यूनियन ने बुधवार से पूर्ववत नगर की सफाई का काम शुरू करने का भरोसा दिलाया है। सफाई कर्मियों के आश्वासन के बाद नगर पालिका प्रशासन और पार्षदों ने राहत की सांस ली। विदित हो नगर पालिका प्रशासन द्वारा वेतन संबंधी एवं प्रशासनिक स्तर की मांगों का निराकरण हड़ताल के पहले दिन ही करते हुए सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष राजा नाहर,नीरज बालमीक को लिखित रूप से अवगत करा दिया था सफाई कर्मचारीयों की नियुक्ति के मामले में 15 दिन के अंदर प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में रखने का लिखित आश्वासन देने के बाद भी कर्मचारी संगठन हड़ताल वापस लेने तैयार नहीं हो रहा था जिसके चलते नगर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ गई थी। जगह-जगह लगे कचरे की ढेरो से उठती दुर्गंध के कारण आम जन को हो रही परेशानी के मद्देनजर कांग्रेस पार्षद दल के राजेश चौबे,आलोक पांडे,रमेश पटेल,गणेश दहिया,ममता गोटिया के अलावा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमोल चौरसिया,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बाबा कुरैशी, शंकर वंशकार,शंभू गोटियां सहित अन्य कांग्रेस जनों ने सफाई कर्मचारी संगठन एवं नगर पालिक प्रशासन की संयुक्त बैठक करके विगत 5 दिनों से जारी हड़ताल को समाप्त करा दिया है

यह मांगें मानी गईं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की जिन मांगों को माना है, उनमें आगामी माह से दैनिक श्रमिकों का मानदेय 10 तारीख तक एवं शेष अन्य का वेतन भुगतान चुंगी क्षतिपूर्ति प्राप्त होते ही कर दिया जावेगा। सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में विषय आगामी 15 दिवस में पी.आई.सी. में प्रस्तुत किया जावेगा।निकाय निधि मद में राशि की उपलब्धता अनुसार एरियर्स दिया जा सकेगा। इसके अलावा अन्य शासन स्तर की मांगों के निराकरण हेतु विषय पी.आई.सी.में प्रस्तुत किया जावेगा।

49 साल पहले लोकतंत्र की धवल चादर पर लगा था आपातकाल का काला दाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल की यादें मीसाबंदियों को आज भी पूरी तरह याद हैं। मीसाबंदियों ने चर्चा के दौरान बताया कि 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की धवल चादर पर आपातकाल का काला दाग लगा दिया था। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस दिन को देश के सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन की संज्ञा दी जाती है। इस संबंध में हरिभूमि ने राजधानी भोपाल में रह रहे कुछ मीसाबंदियों से जाने उनके अनुभव और हाल चाल। इन लोगों के अनुसार आपातकाल के दौराल जेल जाने वाले लोगो में सबसे ज्यादा वो लोग थे, जो छात्र जीवन में कॉलेज के अंदर नेता थे या सार्वजनिक जीवन में अपनी पहचान जनप्रतिनिधि के रूप में बना चुके थे। इस संबंध में हरिभूमि ने उन अधिकारी से भी बात की जिन्होंने नेताओं को जेल भेजा।

हमें भारतीय इतिहास के उस काले अध्याय को हमेशा याद रखना होगा

25-26 जून 1975 की दरम्यानी रात को आपातकाल लगाकर, तत्कालीन इंद्रा गांधी की सरकार ने भारतीय लोकतंत्र के ललाट पर कभी न मिटने वाले काले धब्बे से ग्रसित कर दिया। मेरी आयु तब मात्र 21 वर्ष थी। प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज मैनिट का छात्र था। किसी भी असंवैधानिक या गैर कानूनी गतिविधि में लिप्त नही था। इसके बावजूद जेल भेजा गया। क्योंकि कॉलेज में छात्र नेता था। मैं अपनी बात महान चाणक्य के इस कथन से करता हूं कि जो देश और समाज अपने इतिहास को भूलने की गलती करता है, वह देश और समाज अभिशापित होता है। हमे उस काले अध्याय को हमेशा याद रखना होगा।

कर्नल नारायण पारवानी, (पहले मीसाबंदी जो फौज में भर्ती हुए)

आपातकाल को लेकर आंदोलन शुरू किया

25 जून 1975 की अर्धरात्रि को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। यह सुनते ही मैं और मेरा परिवार सकते में आ गया। क्योंकि में सेफिया कॉलेज में पढ़ता था। सुबह जब कॉलेज पहुंचा, तो सबने मिलकर योजना बनाई कि क्यों न आपातकाल के खिलाफ आंदोलन किया जाए। यह आंदोलन काफी दिन चला और उसके बाद मुझे व कई साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूरे दो साल जेल में रहे, लेकिन जेल में रहकर भी अपनी आवाज दबने नहीं दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था और 21 महीने का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बन गया। लोकतंत्र, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनअधिकारों की रक्षा के लिए तत्कालीन सरकार की तानाशाही के खिलाफ आक्रोश ने जनक्रांति का रूप ले लिया था।

नरेश कुमार वासवानी, संत हिरदाराम नगर

कई बार जेल यात्रा की, लेकिन मीसा एक्ट का विरोध जारी रखा



मात्र 16 साल की उम्र में इमरजेंसी के दौरान जेल यात्रा करने वाले शहर के राजेंद्र सोनी का कहना है कि 1975 में मेरे पिताजी गुलाबचंद सोनी को भी मीसा एक्ट के विरुद्ध धरने पर थे और उनको धार जिले की जेल में रखा गया था और मैं उस वक्त नवीं क्लास में था, बरखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ता था और हम वहां से संघ की शाखा में जाते थे। ऐसे में हमें कई बार थाने में बैठा दिया जाता था। उसी दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रकाश चन्द्र सेठी थे, जब वो भोपाल ब्रिज का उद्घाटन करने आए, तब हमें सभा भंग करने का आदेश मिला। हम करीब 19 लड़के थे और हमें अरेस्ट करके जेल भेजा गया, हमारे साथ मारपीट की गई और हमें सेंट्रल जेल भोपाल में भेज दिया गया। मुझे तीन महीने तक जेल में ही रहना पड़ा।इस तरह से संपूर्ण इमरजेंसी के दौरान मैंने कई बार जेल यात्रा की, लेकिन मीसा एक्ट का विरोध जारी रखा। शिवराज सिंह बाबूलाल गौर सभी ने मेरे साथ जेल यात्रा की।

आपातकाल में रघुनंदन से रामनारायण नाई बन कर जेल में बंद लोगों की सेवा की

आपातकाल ने मौलिक और नैतिकता दोनों अधिकार को लोगों से छीन लिया था। पार्टी और संघ के कई कार्यकर्ताओं को उठाकर बंद कर दिया था, लेकिन उस वक्त मुझे संघ से बोला गया कि आप बाहर लेकर जेल में बंद लोगों की सेवा करें। इस दौरान मैंने अपना नाम और वेशभूषा बदली थी। मैंने अपना नाम रघुनंदन शर्मा से रामनारायण नाई कर लिया था और कुर्ता पजामा पहनता था, लेकिन मूंछें मैंने भगत सिंह की तरह रख ली थी। आपातकाल ऐसा समय था जिसमें आम व्यक्ति को भी उठा कर जेल में बंद कर दिया गया। मेरे पास एबीवीपी की एक डायरी में वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम होने पर उन्हें उठाकर जेल में बंद कर दिया था। तब तो वो विद्यार्थी थे, वो समय ऐसा था कि लोगों को खाने की थाली से उठा के ले गए, कई लोग पूरे कपड़े नहीं पहने तब भी उन्हें उसी हालात में जेल ले गए थे। आपातकाल में सिर्फ विपक्ष के होने पर ही लोगों को जेल में डाल दिया गया था।

रघुनंदन शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद

रात को 12 बजे से गिरफ्तारी शुरू की थी

25 जून 1975 को मैं उज्जैन में एसडीएम के पद पर कार्यरत था। रात को घर पर था, तभी पुलिस अधिकारियों की तरफ से बुलावा आया तो तुरंत ही रात को ऑफिस पहुंचना पड़ा। सबसे पहले गिरफ्तार करने का आदेश वहां के सबसे बड़े नेता बाबूलाल जैन को लेकर था। पहले तो संकोच हुआ, लेकिन चारों तरफ सेना और पुलिस के रहते आदेश का पालन करना पड़ा और शुरुआत में 22 लोगों को गिरफ्तार किया। उसके बाद तो गिरफ्तारी का सिलसिला चलता रहा। उस दौरान नवयुवक थे, जिससे जज्बा ऐसा था कि कलेक्टर, पुलिस अधिकारी ओर सरकार तीनों के हर आदेश का पालन तुरंत किया।

देवी सरन, तत्कालीन एसडीएम

सूर्यकांत से चंद्रकांत बनकर निकाले कई जुलूस, शिवराज से हुई जेल में मुलाकात



जेल में बंद करने के लिए मुझे प्रशासन जोरों पर ढूंढ़ रहा था, चेहरे से मुझे कम लोग जानते थे, इसलिए मैंने अपना नाम बदलकर चंद्रकांत कर लिया। मैं काफी लंबे समय तक पुलिस के हाथ नहीं आया। ग्वालियर में भीड़ बढ़ाने के लिए एक सीमेंट की कंपनी के मजदूरों के घर जाने के समय ही हमने जुलूस का प्लान किया और वो सफल हुआ इतनी भीड़ देखकर तो पुलिस ने किसी को बंद करने की हिम्मत नहीं दिखाई। जब मुझे ये पता चला कि शिवराज नाम का एक युवक एबीवीपी में है, तो उससे मिलने उसके किराए के मकान में गया तो ताला लगा मिलने पर मैंने गेट के नीचे से पर्चा डाल दिया, सोचा कभी मुलाकात होगी तो पूछूंगा पर्चा मिला था? मेरी गिरफ्तारी के बारे में जब बाबूलाल गौर को पता चला और उसके तुरंत बाद शिवराज की गिरफ्तारी पर उन्होंने मुझसे कहा कि लो तुम्हारा एक साथी और आ गया। तो शिवराज और मेरी मुलाकात जेल में हुई उसके जेल में सिर्फ इसलिए डाल दिया था, क्योंकि उसके कमरे से पर्चा मिला और वो एबीवीपी का कार्यकर्ता था।

सूर्यकांत केलकर, संयोजक, भारत रक्षा मंच

शिवराज के कमरे से मिले थे केलकर के पर्चे

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आपातकाल के दौरान जेल में सिर्फ इसलिए डाल दिया गया था, क्योंकि वो एबीवीपी के कार्यकर्ता थे। इतना ही नहीं, उनका नाम पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा की एबीवीपी डायरी में मिला और भारत रक्षा मंच के संयोजक सूर्यकांत केलकर के पर्चे उनके कमरे से मिले थे। जिसके चलते पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जेल में उठाकर बंद कर दिया गया था।

आज होगा मीसाबंदियों का सम्मान

भोपाल (वि.प्र.)। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आपातकाल की बरसी पर 25 जून को प्रातः 11 बजे मीसाबंदियों का सम्मान किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी मीसाबंदियों को सम्मानित करेंगे। वहीं प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मीसाबंदियों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित करेंगे।

देशद्रोह का केस चला और स्कूल से निकाला गया



1975 में इमरजेंसी के दौरान मैं नवीं कक्षा का छात्र था। आरएसएस के आदेश का पालन करते हुए मीसा एक्ट का विरोध किया, एक्ट के विरोध में धरना दिया, सत्याग्रह किया और एक्ट के विरोध में पम्पलेट बांटे। साथ ही कांग्रेस और इंदिरा गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और इसी दौरान मुझे अरेस्ट किया गया। उस वक्त मैं नाबालिग था इस वजह से 3 महीने बाद ही छोड़ दिया गया, लेकिन उसके बाद मुझ पर देशद्रोह का केस लगाया गया और मुझ पर मुकदमा चला, 20 दिन तक दोबारा जेल गया और केस चलता रहा। मीसा एक्ट इतना अमानवीय था कि उस वक्त सारा देश एक हुआ लगता था, जनता पर घोर अत्याचार हुए, एक्ट का विरोध करने वाले को जेल भेज दिया जाता। कोई कुछ बोल नहीं सकता था तो ऐसे में आंदोलन करना बहुत जरूरी था, इसीलिए मैंने आंदोलन किया। इसके बाद भी मुझे एक्ट के तहत 15-20 दिन तक जेल में रखा गया, उस वक्त मैं नवीं क्लास में था और सुभाष स्कूल में पढ़ता था। जेल जाने की वजह से मुझे दौबारा स्कूल में भी नहीं लिया गया और एक-दो साल मुझे ड्रॉप आउट ही करना पड़ा। फिर जब जनता पार्टी का शासन आया तब मुझे दोबारा एडमिशन मिला और हमारे ऊपर से देशद्रोह का मुकदमा हटाया गया।

दिलीप शर्मा

500 करोड़ रुपए की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से करें पूरा

पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क परियोजना के क्रियान्वयन को प्रदान की जाए रफ्तार

» 2025 होगा उद्योग वर्ष, निवेश बढ़ाने मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा

» मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उद्योग प्रोत्साहन गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार जिले में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 500 करोड़ रुपए की परियोजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जाए। पीएम मेगा टेक्सटाइल पार्क में 21 इकाईयों के 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसियां तत्परता से अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगों के विकास के लिए समेकित योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रस्तावित औद्योगिक नीति पर भी चर्चा की गई।

इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का विकास

मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर-पीथमपुर इकानॉमिक कॉरिडोर का विकास 3200 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित है। यह परियोजना 2125 करोड़ रुपए की है और इससे लगभग एक लाख लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इंदौर के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क से भी 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इसकी लागत 20 हजार करोड़ रुपए है। उज्जैन के विक्रमपुरी उद्योग क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए भारत सरकार ने 100 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की है।

ओल्ड एज होम संचालन और धार्मिक पर्यटन की सुविधा विकसित हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओल्ड एज होम संचालन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में उद्योग विभाग प्रयास प्रारंभ करें। प्रदेश के दतिया, ओरछा और अन्य धार्मिक पर्यटन से जुड़े स्थानों पर बुजुर्गों के लिए रहने की सुविधा विकसित की जाए। इसके लिए बहुमंजिले भवनों की व्यवस्था भी की जा सकती है, जो संस्थान इस क्षेत्र में सहयोग करते हैं, उन्हें टेक्स संबंधी रियायत दी जाए।

मप्र एवं छग संयुक्त रूप से सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करें

भोपाल। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्य छग की भौगोलिक सीमा के साथ-साथ दोनों राज्यों की साझा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत है। दोनों राज्यों की राज्य सरकारों की ओर से कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। व्यवस्था और प्रबंधन की दृष्टि से दो राज्य बने हैं, पर भावनात्मक रूप से हम एक हैं। सीएम छग के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आए अभाविप के प्रतिनिधिमंडल को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे।

वरिष्ठ भाजपा नेता माधवी लता का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

हैदराबाद से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी, समाजसेवी और भाजपा की वरिष्ठ नेता माधवी लता का विधायक रामेश्वर शर्मा के कार्यालय युवा सदन पर स्वागत हुआ। युवा सदन पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने माधवी लता की अगवानी की और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ उनका भोपाल आगमन पर स्वागत किया। माधवी लता ने कहा कि विधायक शर्मा की कार्यप्रणाली और उनके कार्यालय को हिंदुत्व का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा यहां आकर बहुत अपनेपन का अनुभव हुआ है। यहां मुझे हिंदुत्व के प्रति समर्पण की अनूठी अनुभूति हुई है। माधवी लता ने कहा कि मैं हैदराबाद से चुनाव भले ही हार गई, लेकिन आज मुझे देशभर के कार्यकर्ताओं और जनता का प्यार मिल रहा है, वह मेरे लिए अनमोल है। कांग्रेस ने चुनावों के दौरान हिंदुओं को विचलित करने के लिए कई फेक वीडियो चलाए। कई झूठे नरेटिव सेट करने की कोशिश की। कुछ हद तक कांग्रेस को सफलता भी मिली। लेकिन यह झूठ ज्यादा दिनों तक टिकने वाला वाला नहीं है। सच्चाई सामने आने लगी है और जो हिंदू भ्रमित हुआ था उसे अपनी गलती भी समझ आने लगी

गबन के आरोपी रायपुरिया को शासकीय सेवा से पृथक करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- 7 करोड़ 59 लाख 51 हजार का किया गबन
- तत्कालीन संयुक्त संचालक का कूटरचित हस्ताक्षर कर राशि रिश्तेदारों की खातों में डाल कर हड़प कर ली

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त भरत यादव ने गंभीर कदाचरण और शासकीय राशि के गबन के आरोपों की प्रामाणिकता के आधार पर नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के निलंबित सहायक वर्ग-3 रामसिंह रायपुरिया को शासकीय सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किए हैं। विभागीय जांच प्रतिवेदन के आधार पर रायपुरिया को सेवा से पृथक करने की करने की कार्रवाई की गई है। रायपुरिया की ओर से गबन की गई शासकीय राशि, जिसकी वसूली हितग्राही खाताधारकों से नहीं की जा सकेगी। उसकी भरपाई सेवा शर्तों के अनुसार भू-राजस्व के बकाया की भांति वसूली योग्य होगी। विभागीय जांच प्रतिवेदन में प्रमाणित किया गया कि रायपुरिया ने ही कुल 33 कूटरचित पत्र तैयार करते हुए एवं तत्कालीन संयुक्त संचालक और अपर संचालक अनिल कुमार गोंड के कूटरचित हस्ताक्षर का उपयोग करते हुए 7 करोड़ 59 लाख 51 हजार की राशि स्वयं व अपने रिश्तेदारों के खातों में हस्तांतरित कर शासकीय राशि का गबन किया है।

केंद्रीय कारागार भोपाल भेजाः रायपुरिया ने नगरीय विकास एवं आवास संचालनालय के माध्यम से नगरीय स्थानीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजना के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा लिंक रोड एक में संधारित बचत खाते से कूटरचना कर राशि स्वयं, अपने रिश्तेदारों के खाते में हस्तांरित कर राशि का गबन किया गया था।

हाथी ने ग्राम कमलपुर में मचाया उत्पात, घर की दीवार तोड़ी, अंदर सो रहा परिवार बाल-बाल बचा

फसल को भी पहुंचाया नुकसान, लोगों ने हल्ला किया तो भागा हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर रामानुजगंज जिले के ग्राम कमलपुर में मंगलवार सुबह पांच बजे के करीब ढाई साल की बच्ची एवं दंपति अपने घर में सो रही थी, इसी दौरान हाथी के द्वारा घर के दीवार को तोड़ दिया, जिससे तीनों बाल-बाल बचे। हाथी के द्वारा घर की दीवार तोड़ने के बाद फसल को भी नुकसान पहुंचाया गया तत्काल स्थानीय लोगों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई वहीं हाथी को देखकर कई लोग एकत्रित होकर हल्ला करने लगी तब जाकर हाथी मौके से भागा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 5 के करीब एक हाथी कमलपुर रिहायसी से क्षेत्र के नजदीक पहुंच गया। हाथी विनोद रवि पिता नागेश्वर रवि उम्र 41 वर्ष के घर के नजदीक पहुंचा इस दौरान घर के कमरे में विनोद रवि का पुत्र आनंद रवि, उसकी बहू रूप रवि होती एवं ढाई वर्षीय पोती अनन्या रवि सो रहे थे। हाथी जब घर के नजदीक आने लगा तो उसे लगा कि घर के पास आम के पेड़ में कोई आम तोड़ रहा है उसी की आवाज है तेजी के साथ हाथी घर के नजदीक पहुंचकर दीवार तोड़ने लगा तो तीनों वहां से भाग कर अपनी जान बचाय। दीवाल टूटकर गिरने से टीवी एवं अन्य सामान टूट गया। हाथी के आने से अन्य लोग भी मौके पर जमा होकर हल्ला करने लगे तब जाकर हाथी वहां से भागा।

छग में आज से भारी बारिश की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी

दो दिनों तक बारिश में ब्रेक होने से रायपुर में तेज धूप और उमस से लोग होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि 26 जून से बढ़ने की संभावना है। दो दिनों तक बारिश में ब्रेक होने की वजह से रायपुर में तेज धूप और उमस से लोग परेशान हो गए हैं। हालांकि बुधवार से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ाने और भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जगहों पर हल्की मध्यम बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 26 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ाने और भारी बारिश होने की संभावना है। एक द्रोणिका चक्रीय चक्रवती परिसंचरण के रूप में दक्षिण गुजरात से झारखंड तक बना हुआ है, जो कि मध्य समुद्र तल से 1.5 और 4.5 किलोमीटर के बीच स्थित है। यह मध्य प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है जो कि दक्षिण पश्चिम की ओर ऊंचाई के साथ झुकी हुई है। इसके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश में बारिश की गतिविधि बढ़ाने की संभावना है।

मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बलरामपुर में 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रायपुर में 35.6, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अंबिकापुर और जगदलपुर में 33.4, दुर्ग में 35.02 और राजनांदगांव में 37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई।

सीएम साय ने दिल्ली में की पीएम मोदी से मुलाकात

नक्सल ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को संसद भवन दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनायें दी। इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को प्रदेश के बस्तर संभाग में चल रहे नक्सल ऑपरेशन और छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी दी।

सीएम साय ने पीएम मोदी को बताया कि विजन निर्माण राज्य नीति आयोग की ओर से किया जा रहा है, जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह महीने में नक्सल विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

नियद नेल्लानार योजना की दी जानकारी

सीएम ने नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गाँव)के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने करने, शासन-प्रशासन और ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं। भविष्य में 29 कैंपों को शुरू करने की योजना है।

पुल के ऊपर सोया था युवक, गिरने से हुई मौत

कोंडागांव। कोंडागांव जिले के संबलपुर निवासी युवक पुल में सोने के दौरान ऊपर से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पीएम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी देते हुए कोंडागाँव थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि संबलपुर पुल के नीचे एक युवक का शव देखा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखने के बाद पास में ही खड़े युवक खनेद्र ने बताया कि मृतक खिलेश नेताम 19 वर्ष निवासी संबलपुर का है। दोनों एक साथ मुर्गा वाहन में काम करते थे। बीती रात दोनों खाना खाने के बाद इसी पुल में आकर बैठ गए। जहां खिलेश पुल के ऊपर सो गया, जबकि खनेद्र अपने साथ लाये स्कूटी के ऊपर ही सो गया, सुबह जब खिलेश दिखाई नहीं दिया तो उसने पुल के नीचे देखा तो खिलेश नीचे मृत पड़ा हुआ था।

पत्नी से बात करने की शंका पर गला दबाकर की युवक की हत्या

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ति

मालखरौदा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी अमरजीत बंजारे (30) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पत्नी से बात करने की शंका पर पत्थर से हमला कर घायल किया, फिर गला दबाकर हत्या की और शव को सीमेंट के बने फाल में छुपाकर रखा था। शव को भी बरामद किया गया है। जानकारी अनुसार, ग्राम कुरदा की रहने वाली किरन जांगड़े ने अपने पति सोखीलाल की गुम होने की सूचना 23 जून को मालखरौदा थाने में की थी। उसने बताया कि 22 जून को अमरजीत बंजारे अपने साथ मोटरसाइकिल में बैठकर लेकर गया था। देर रात तक घर नहीं आने पर थाने में गुम होने की सूचना दी। इस दौरान पुलिस ने युवक अमरजीत बंजारे को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

सीमेंट के बने फाल में ले जाकर छिपा शव

आरोपी अमरजीत ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ सोखिलाल जांगड़े से बातचीत करने की शंका थी। इसलिए उसे सुनसान जगह ले जाकर उसके सिर पर पहले पत्थर से हमला किया, जिससे वह घायल हो गया और उसकी गला दबाकर हत्या की। इसके बाद शव को सीमेंट के बने फाल में ले जाकर छिपा दिया। आरोपी के बताए जगह में जाकर शव को बरामद कर पीएम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, आरोपी अमरजीत बंजारे के खिलाफ 302,201 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी बरामद किया गया है।

15 दिन तक लगातार विवाह मुहूर्त

2 जुलाई से फिर बजेगी शहनाईयां

जबलपुर।

गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम अब 29 जून को समाप्त हो जाएगा। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है, अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही विवाह मुर्हूत प्रारंभ हो जायेंगे। जुलाई में 15 दिन लगातार 2 जुलाई से 16 जुलाई तक विवाह के शुभ मुर्हूत है। इस दौरान न केवल शादी विवाह बल्कि अन्य मांगलिक कार्य नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, आदि के कार्य भी प्रारंभ हो सकेंगे। 17 जुलाई के बाद फिर 4 महीनें के लिए विवाह के मुर्हूत नहीं होंगे। इसके उपरांत देवउठनी से ही विवाह प्रारंभ होंगे। ज्योतिषाचार्य पीएल गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि शुक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा, इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई (15 दिन) तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

पं शिवशंकर तिवारी के मुताबिक विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना आवश्यक होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु ग्रह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये सभी मांगलिक कार्य नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रेल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र उदय के पश्चात 2 जुलाई से विवाह आरंभ हो जाएंगे। जुलाई माह में जिनके रिश्ते तय हो गए उन्होंने विवाह की खरीददारी शुरु कर दी हैं वहीं बारिश को देखते हुए कव्र्ड हॉल वाले बारातघर और होटलस बुक किए जा रहे हैं। बारात घर संचालकों और होटलों वालों ने आर्टिफिशियल सजावट और नए नए पैकेज लॉन्च किए है।

पौधारोपण के लिए जन अभियान परिषद का नवाचार... एक परिवार-एक पौधा

जबलपुर। म.प्र. जन अभियान परिषद जिला जबलपुर के अंतर्गत कार्यरत नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर्स की समीक्षा बैठक संवाद का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में किया गया।

बैठक में 05 जून से 16 जून तक संचालित जल गंगा संवर्द्धन अभियान में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समिति एवं जन सहयोग से किए गए कार्यों, अगामी समय में होने वाले पौधारोपण कार्य तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के संचालन की समीक्षा संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन द्वारा की गई। बैठक में जल गंगा संवर्द्धन अभियान को व्यापक स्वरूप प्रदान करने में परिषद के नेटवर्क प्रस्फुटन समितियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्त्वपूर्ण भुमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ,

आज की बैठक में जन अभियान परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली अभियान अन्तर्गत आगमी जुलाई एवं अगस्त में चलाएं जानें वाले एक परिवार-एक पौधा कार्यक्रम की संक्षिप्त योजना तैयार की गई है जिसमे जिले के अधिक से अधिक परिवारो से संपर्क कर अभियान से जोड़े जानें का लक्ष्य है ज़िला समन्वयक प्रदीप कुमार तिवारी ने एक परिवार एक पौधा अभियान के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया है कि जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं,प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाताओं तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा अधिक से अधिक परिवारों से संपर्क कर एक पौधा रोपित करने के लिए प्रेरित किया जायगा जो और उसको परिवार के किसी न किसी व्यक्ति की स्मृति या स्नेह से जोड़ा जाएगा इसके साथ ही उसके संरक्षण की जिम्मेदारी परिवार को सौंपी जाएगी।

जेल में बंद आरोपी को जमानत नहीं लेने के लिए मिल रही धमकी

जबलपुर। रांझी निवासी रजनी वाणी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर बताया कि उसके पति हत्या के मामलें में जेल में बंद है। जिन्हें जेल में बंद दो कैदियों द्वारा जमानत नहीं लेने पर धमकाया जा रहा है। दरअसल उसके पति गुलशन वाणी जो हत्या के मामले में जबलपुर जेल में बंद है उन्होंने गरीबी से तंग आकर 10 लाख रुपए में एक वारदात को अपने में ले लिया था। अब असल आरोपियों को डर है कि जमानत पर बाहर आने पर गुलशन पुलिस को सच बता देगा। इसलिए जेल में बंद सुभाष मराठा और राहुल राजपूत उसे जमानत नही लेने के लिए धमका रहे है। पीड़ित पत्नी ने इस मामलें में जेल अधीक्षक को भी पत्र प्रेषित किया एवं जेल में बंद सुभाष मराठा तथा राहुल राजपूत के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

सीजीएचएस, सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

जबलपुर। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी - 4 में सीजीएचएस सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर. पी. रावत ने बताया की लाभार्थियों को इलाज के दौरान मिलने वाली सुविधाओं से सम्बंधित दिशा निर्देश, केंद्रीय सरकार, स्वास्थ्य योजना कार्यालय जबलपुर के अपर निदेशक डॉ एके सुधांशु ने जारी अधिसूचना सीजीएचएस जबलपुर के अंतर्गत इम्पैनल्ड सभी निजी अस्पतालों को प्रेषित किया जा चुका है। फिर भी यदि किसी पेशेंट को कोई असुविधा होती है तो उसका समाधान तुरन्त किया जा रहा है। पिछली बैठक में जो सुझाव दिए गए थे उन्हें क्रियान्वित कर लिया गया है। डॉ. रावत ने कहा कि वरिष्ठ जनों का बेहतर इलाज कराने की उचित सलाह व मेडिसिन उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य है। इस दौरान नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार समिति के प्रतिनिधि डी. एस. भारती सीनियर सिटीजन विजन जबलपुर, अनिल शुक्ला वरिष्ठ नागरिक परिषद जबलपुर, किशन लाल वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण संघ, दिलीप कुंडे वरिष्ठ नागरिक परिषद कटनी, अर्जुन सिंह भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन उपस्थित रहे। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस मौके पर मेडिसिन सप्लायर के प्रतिनिधि पंकज नवाठे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक में डिस्पेंसरी नं 4 के स्टाफ मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, प्रेमलता साहू, अनू कुमारी, रवि दहायत, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मे, रंजना सहित सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ

कुपोषित और बीमार बच्चों की होगी लिस्टिंग : महापौर

जबलपुर। घर.घर दस्तक देकर पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों में कुपोषण एवं बाल्यकालीन बीमारियों को चिन्हित करने के उद्देश्य को लेकर जिले में मंगलवार से दस्तक अभियान प्रारंभ हुआ। दो माह तक चलने वाले तक इस अभियान की शुरुआत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र स्नेह नगर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर की। जिले में दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त तक चलाया जायेगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने दस्तक अभियान के शुभारंभ पर अपने उद्बोधन में इस अभियान को मूर्त रूप देने और सफल बनाने में दस्तक दलों की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दस्तक दलों को अपनी जिम्मेदारियों का सजगता से निर्वाह करना होगा। उन्हें जमीनी स्तर पर सर्वे कुपोषित एवं बीमार बच्चों की लाइन लिस्टिंग करनी होगी तथा गंभीर कुपोषित बीमार बच्चों को तुरंत उपचार देकर चिकित्सीय लाभ दिलाना होगा। दस्तक अभियान के शुभारंभ के अवसर पर भोपाल से विशेष रूप से आयीं राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ तुहिना वर्माए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के व्यासए डॉ विनीता उप्पलए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता अर्बन नोडल अधिकारी डॉ एस एस दाहिया, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरीलए संस्था प्रभारी डॉ विशाखा सिंह एवं एपीएम संदीप नामदेव भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बताया गया कि बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से वर्ष में दो बार दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में पांच वर्ष तक की आयु के समस्त बच्चों की चिकित्सकीय जाँच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार तथा प्रबंधन पर बल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024.25 में दस्तक अभियान का प्रथम चरण में 25 जून से 27 अगस्त की अवधि में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा पांच वर्ष तक के बच्चों के घर.घर जाकर उनकी चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक उपचार था प्रबंधन सुनिश्चत करने हेतु गतिविधियां संचालित की जायेंगी।

कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि दस्तक अभियान में बीमार नवजातों और बच्चों की पहचान व प्रबंधन एवं रेफरलए पांच वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधनए छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकाल आधारित प्रबंधन तथा नौ माह से पांच वर्ष तक के समस्त बच्चों को आयु अनुरूप विटामिन श्एश का अनुपूरण जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया है । इनके साथ ही पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओआरएस व जिंक के उपयोग के प्रति सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देनेए गृह भेंट के दौरान ओआरएस व जिंक की गोली पहुंचानेए पांच वर्ष से कम उम्र के रेफरल बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान व प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान तथा उनका आरबीएसके कार्यक्रम से संबद्धीकरण को भी दस्तक अभियान में शामिल किया गया है । इसी तरह पांच वर्ष तक की आयु वाले बच्चों में श्रवणबाधिता एवं दृष्टिदोष की पहचान एवं पुष्टि कर आरबीएसके कार्यक्रम में उनका पंजीयन कर उपचारित करनाए समुदाय में समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाईश देने, एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों में बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुए बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना आदि गतिविधियां भी दस्तक अभियान का हिस्सा होंगी।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आयोजन

नशा विद्यार्थियों के कॅरियर को प्रभावित कर रहा : प्रो. शुक्ल

जबलपुर।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर एवं नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र, अवधपुरी, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में 26 जून 2022 अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में 'नशा मुक्त जागरुकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हेमंत सोलंकी ने नशे के फैशन व मादक पदार्थे के सेवन से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रुप से विद्याथियों का बताया।

प्रो. अरूण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर ने बताया कि विद्यार्थियों के कॅरियर में नशा बाधक तत्व के रुप में उभर कर सामने आ रहा है। हमें विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानि से परिचित कराना होगा, जिसमें नशा मुक्ति केन्द्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। नशा विद्यार्थियें के कॅरियर को प्रभावित कर रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को नशा से मुक्त रहने की शपथ ग्रहण कराई गईं

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, सुखदेव चौरसिया, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, नीरज रजक, डॉ. सरकार, डॉ. श्वेता मिश्रा के साथ महाविद्यालय के लगभग 46 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

सहायक शिक्षकों को ग्रेड पे की मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने कहा कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात 4200 रूपये का ग्रेड पे दिया जा रहा है जबकि उन्हे 5400रू का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए वहीं जो उच्चश्रेंणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हे 6600रू का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने पर दिया जाता है जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्चश्रेंणी शिक्षकों में सिर्फ एक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों? ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।संगठन के राजकुमार यादव, पंकज एडला, रऊफ खान, धनराज पिल्ले, एनोस विक्टर, उमेश सिंह ठाकुर, राम प्रसाद दुबे, फिलिप अन्थोनी, गोपीषाह, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, सुरेन्द्र चौधरी, संतोष चौरसिया, विनोद सिंह, आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 5400रू का ग्रेड पे दिया जाएं।

वैश्य महासम्मेलन की नयी कार्यकारिणी घोषित

जबलपुर। अग्रवाल बारात घर में आयोजित कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता के निर्देशानुसार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुधीर अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री संदेश जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रभारी रामजी अग्रवाल ने नये पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें वरिष्ठ समाजसेवी राकेश गुप्ता को वैश्य महासम्मेलन जबलपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों में विजय सुहाने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, समर्थ अग्रवाल अल्केश गुप्ता गोपाल हूंका उपाध्यक्ष, श्रीप्रकाश खर्द शंकर प्रसाद चौदहा महामंत्री, अजय कमल नेमा कोषाध्यक्ष, सुनील गुप्ता अजय गुप्ता सतीश गुप्ता शैलेन्द्र अग्रहरी मंत्री, सुभाष बिलैया मीडिया प्रभारी, राजेन्द्र गुप्ता प्रचार प्रसार मंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में दुर्गा शंकर गुप्ता, श्रीराम गोहले, अतुल चौरसिया बनारसी, रश्मि पहारिया, साधना बडकुल, आभा जैन, अंजू अग्रवाल, ममता ब्रिजपुरिया की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

रेलवे ईसीसी सोसायटी डेलीगेट चुनाव आज

जबलपुर। ई.सी.सी रेल सोसायटी डेलीगेट चुनाव का भाग्य आज 26 जून बुधवार को मतपेटियो में कैद हो जाएगा। संघ प्रवक्ता संयुक्त महामंत्री सतीष कुमार व मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल ने बताया कि 110 साल से सत्ताधारी लाल झंडा यूनियन संचालित ई.सी.सी सोसायटी मे पुराने पेर्टन पर जटिल अपारदर्शी प्रक्रिया या रेल मजदूर संघ द्वारा ऑन-लाईन एप के माध्यम से कम ब्याज दर पर घटते क्रम में बिना जमानतदार के लोन, पारदर्शी प्रक्रिया मतदाता चुनेगे। जबलपुर मंडल में जबलपुर क्षेत्र से 12, कटनी -9, सतना - 4 , दमोह-सागर - 3, पिपरिया - 1 समेत कुल 29 सीटे है। जबलपुर क्षेत्र में 6 मतदान केन्द्र जिसमें जीएम कार्यालय में 1041, डीआरएम 1148, रेलवे स्टेषन में 1122, कोचिंग डिपो में 798, इंजी. में 828 व नरसिंहपुर में 375 समेत कुल 5312 शेयर होल्डर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे। रेल मजदूर संघ इस चुनाव में अपने सशक्त (चुनाव चिन्ह 'गाय') पैनल के साथ ऑनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया, एसएमएस अलर्ट सुविधा , सीएमटीडी से निकासी, नोटिफिकेशन से पारदर्शी भर्ती प्रकिया, एटीएम सुविधा आदि वचन -पत्र के साथ मैदान मे है। संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा, प्रत्याशी रोशन सिंह यादव, आर.ए सिंह, संजय चौधरी, संतोष त्रिवेणी, भूपत सिंह, योगेन्द्र कुमार, शरद कुमार, बॉबी धौलपुरी, दुर्गा तिवारी, विकास चंद्र, अफजल हाशमी, संजय कुमार सिंह एवं अवधेष तिवारी, एस.के. वर्मा , संदीप श्रोती, दीपक केसरी, एस.आर. बाउरी, तरूण बत्रा, मनीष कुमार , देवी यादव, हर्ष वर्मा, कुलदीप परसाई, ब्रजेंद्र सिंह समेत युवा, महिला कार्यकर्ताओ ने 'गाय' पैनल के सभी निशानों पर मुहर लगाने की अपील की है।

सीएम विजन डॉक्यूमेंट-2028 पर जिला प्रशासन ने शुरु किया काम

विधायकों से रायशुमारी कर अधिकारी बनायेंगे सांझा रणनीति

जबलपुर। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विगत दिनों वीडियो क्राप्रेंसिंग के दौरान जिला स्तर पर विजन डॉक्यूमेंट-2028 तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिस पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अमल करते हुए विजन डॉक्यूमेंट- 2028 पर काम करना शुरु कर दिया है। इसके लिए कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमति जयति सिंह और नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव को जिम्मेदारी सौंपी। जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों का जिम्मा नोडल अधिकारी जयति सिंह को सौंपा और शहर की एक विधानसभा का नोडल अधिकारी निगामायुक्त श्रीमति प्रीति यादव को बनाया गया। जिला योजना अधिकारी, स्मार्ट सिटी के सीईओ, जिला उद्योग के महाप्रबंधक, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, उपसंचालक कृषि, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम विभाग अधिकारी महिला बाल विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सहायक अधिकारी के रुप में तैनात किया गया है इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक और नोडल अधिकारी को यह स्वतंत्रता दी गई है कि वे जैसा उचित समझे उन्हें भी शामिल कर सकते है। विजन डॉक्यूमेंट के लिए मूलभूत जानकारी विधानसभा बार संकलित कर करेंगे और अधिकारी विधायकों के साथ एक साझा रणनीति बनाए, ताकि जबलपुर का समुचित और योजनाबद्ध विकास कार्य हो सके। अधिकारियों को 28 जून तक विजन डॉक्यूमेंट-2028 का फाईनल ड्राफ्ट पेश करना है ताकि उस पर आगे की कार्रवाई की जा सके।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह को सिहोरा, पाटन, बरगी, पनागर, पश्चिम, पूर्व एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो निगमायुक्त प्रीति यादव को कैंट विधानसभा के विकास की रुपरेखा तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है। विजन डॉक्यूमेंट 2028 उन विधायकों के लिए बहुत खास होगा, जिन्हें अक्सर यह शिकायत होती है कि अपने विधानसभा क्षेत्र में जो करना चाहते है, वो कर नहीं पाते। अब अधिकारी खुद उनके पास आएंगे और उनसे पूछेंगे कि उनके विधानसभा क्षेत्र को विकसित करने को लेकर क्या किया जाना चाहिए। विधायक से बेहतर और कौन जान सकता है कि उसके विधानसभा क्षेत्र में कहां क्या कमी है। विजन डॉक्यूमेंट में विकास का कोई दायरा तय नहीं किया गया है, इसमें सारे पहलुओं को शामिल किया गया है। जिनमें अधोसंरचना से लेकर कृषि और ऊर्जा से लेकर उद्योग तक सारे विषयों को समाहित किया गया है।

CHANGE OF NAME
I, ARMY No. 15432757W RANK-HAV NAME RAVINDRA CHAUHAN S/O PHOOLCHAND CHAUHAN OF UNIT MH, JABALPUR (M.P.), R/O H NO AMEDA GHAZIPUR UTTAR PRADESH-233221. I state that in my Aadhar card my Name is (RAVINDRA CHAUHAN) which is true and correct but in my Army service Record my name is recorded RAVINDRA CHAUCHAN Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Name is RAVINDRA CHAUHAN and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME
RAVINDRA CHAUHAN
INCORRECT NAME
RAVINDRA CHAUCHAN

CHANGE OF NAME
I, WAS KNOWN AS VARINDAR SINGH WALIA I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS VARINDER SINGH WALIA S/O MALVINDER SINGH WALIA RESIDENT OF - H.NO. 6/73, WARD NO. 06, CHHADA KHURD, NOWROZABAD, KURDI, UMARIA, (M.P.) 484555.
CORRECT NAME
VARINDER SINGH WALIA
INCORRECT NAME
VARINDAR SINGH WALIA

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, SHEVANTABAI AAPPA KALE W/O LATE APPA BABA KALE R/O VILL- SHEDGAON, PO-SHRIGOANDA, TEH- SHRIGOANDA, DIST- AHMEDNAGAR, (MAHARASHTRA)-413701 I, have changed of my name and date of birth, from name SMT KALE SHAVANTA APPA and date of birth 01/07/1942 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO JC-387703N RANK-SUB NAME- KALE GORAKH APPA of unit SIGNALS RECORDS, JABALPUR (MP) Army service records to name SHEVANTABAI AAPPA KALE and date of birth 01/01/1946 (name and date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 25/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SHEVANTABAI AAPPA KALE
INCORRECT NAME
SMT KALE SHAVANTA APPA
CORRECT DATE OF BIRTH -01/01/1946
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1942

CHANGE OF NAME
I, KAVITA KALE (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. JC-387703N RANK-SUB NAME- KALE GORAKH APPA presently, residing at VILL- SHEDGAON, PO- SHRIGOANDA, TEH- SHRIGOANDA,DIST- AHMEDNAGAR, (MAHARASHTRA)-413701 I, have changed of my name from KAVITA KALE (name as per my Husband Army service records) to KAVITA GORAKH KALE (name as per my AADHAR CARD NO. 2958 2449 1983) vide affidavit dated 25/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
KAVITA GORAKH KALE
INCORRECT NAME
KAVITA KALE

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO JC-387703N RANK-SUB NAME- KALE GORAKH APPA S/O LATE APPA BABA KALE of unit SIGNALS RECORDS, JABALPUR (MP) I, have changed name of my SON, from MASTER SWAPNIL KALE (name as per my Army service records) to SWAPNIL GORAKH KALE (name as per my SON, AADHAR CARD NO. 8834 6756 4879) vide affidavit dated 25/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SWAPNIL GORAKH KALE
INCORRECT NAME
MASTER SWAPNIL KALE

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/63
दिनांक:- 25/06/2024
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री मोहम्मद यूसुफ खान पिता स्व. श्री मुशर्रफ खान (2) श्रीमती जाहिदा यूसुफ पति श्री मोहम्मद यूसुफ खान ने मकान नं. 2178 से 2180 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती खुली भूमि-2000 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/64
दिनांक:- 24/06/2024
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री विजय गनेश यादव पिता स्व. श्री गनेश प्रसाद यादव (2) श्रीमती उषा कटारिया यादव पति श्रीविजय गनेश यादव ने मकान नं. 943/1 ए.टी.एस./एफ-1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 720 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/65
दिनांक:- 24/06/2024
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिरूद्ध सिंह पिता स्व. श्री आलोक कुमार सिंह ने मकान नं. 158 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 2812 व.फु., प्रथम तल 2027 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर